16- MAY-JANJ BHOOMI-PG-1_Layout 1 5/16/2025 9:54 PM Page 1


हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

बिलासपुर, शनिवार, 17 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


15 सरकारी अस्पताल में लगी आग, मची अफरा-तफरी




## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.


## खबर संक्षेप

### जिले में तिरंगा यात्रा का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक, भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को समर्पित तिरंगा यात्रा शनिवार 17 मई को सुबह 7:15 बजे से हाई स्कूल मैदान जांजगीर से प्रारंभ होकर कचहरी चौक होते हुए हाई स्कूल मैदान जांजगीर तक आयेजित होगी।

### पांचवी राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता कल से

**जांजगीर-चांपा।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पांचवी राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटवर्क प्रतियोगिता टीसीएल महाविद्यालय के इंडोर हाल में आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 14 बालक एवं 12 बालिकाओं की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता को आयोजन करने में नेटबॉल एसोसिएशन आफ जांजगीर चांपा के अध्यक्ष अनिल तिवारी, सचिव राजेश राठौर , उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष संस्कार द्विवेदी, सुशील साहू, विजय, भूपेश राठौर ,राहुल सिंह, अमन राव ,आशुतोष पांडे, सत्यम्‌ दिनेश ,शैलेंद्र कहरा, निहाल पांडे ,रोशन लाठियां अनीश शर्मा, शुभम जायसवाल, मितेश बरेट, दुष्यंत सिंह , नमनदीप टंडन, महेश यादव, आदर्श सिंह, विकास साहू,प्रशांत कहरा एवं नेटबॉल एसोसिएशन आफ जांजगीर चांपा की संपूर्ण टीम लगी हुई है।

### लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के होमगार्ड विभाग में महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून रविवार को आयोजित होगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से 1715 महिला नगर सैनिकों और 500 पुरूष नगर सैनिकों की भर्ती की जाएगी। लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन और ऑनलाईन आवेदन 30 मई शाम पांच बजे तक किए जा सकेंगे।

### प्रदेश सह प्रभारी जांगिड़, प्रदेशाध्यक्ष बैज व नेता प्रतिपक्ष महंत ने ली बैठक

# जांजगीर चांपा जिले से होगी कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस 19 मई से संविधान बचाओ यात्रा की शुरुआत करने जा रही है। प्रदेश के दो बड़े शहरों में कार्यक्रम स्थगित होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांजगीर चाम्पा जिला से संविधान बचाओ रैली की शुरुआत करने की योजना बनाई है। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़, एआईसीसी सचिव एस. जरिता और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की उपस्थिति में संभाग भर के पदाधिकारियों व विधायकों की बैठक हुई।

शुक्रवार 16 मई को छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी विजय जांगिड़, कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत का जांजगीर आगमन हुआ। यहां सर्किट हाउस जांजगीर में उन्होने कांग्रेस पार्टी के बिलासपुर संभाग के सभी जिला अध्यक्ष व विधायकों की मौजूदगी में ख़ास मीटिंग ली। बताया जाता है कि बैठक में संविधान बचाओ यात्रा में सांसद सचिन पायलेट के आगमन और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई और तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा की शुरूआत जांजगीर चांपा जिले से होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट के साथ सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने इस बैठक में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंत्री और यात्रा के जांजगीर चांपा के प्रभारी उमेश पटेल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक व्यास कश्यप, बालेश्वर साहू, शेषराज हरबंश, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार समेत बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सक्ती के साथ जांजगीर चांपा जिला के वरिष्ठ नेता शामिल रहे। इसके पूर्व भी यात्रा संविधान बचाओ यात्रा को लेकर कुछ दिनों पूर्व खरसिया विधायक एवं पूर्व मंत्री उमेश पटेल का जांजगीर में आगमन हुआ था। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री पटेल ने शहर के मुहूर्त होटल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर पार्टी एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की नसीहत दी थी।




बैठक में जानकारी देते कांग्रेस प्रभारी व प्रदेशाध्यक्ष सहित अन्य नेता।



बैठक मे शामिल कांग्रेस पदाधिकारी।

### दो बार स्थगित हो चुका है कार्यक्रम

प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के दो शहरों में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई थी, लेकिन यह योजना किन्हीं कारणवश स्थगित कर दी गई। ऐसे में शुक्रवार 16 मई को प्रदेश प्रभारी एवं कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता जांजगीर पहुंचे। इस बीच मिडिया से चर्चा करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा की जांजगीर चाम्पा जिला में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ यात्रा की शुरुआत होंगी, जिसमे सचिन पायलेट के साथ प्रदेश के बड़े नेता शामिल होंगे, उन्होंने कांग्रेस के इस महत्व पूर्ण कार्यक्रम के ऐतिहासिक होने का दावा किया।

# ट्रक की चपेट में आकर किशोर की मौत, जांच में जुटी पुलिस

## सक्ती शहर के वार्ड क्रमांक 11 की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

हरेठी जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराया। घटना में किशोर की मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला सक्ती शहर के वार्ड क्रमांक 11 की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवाार 15 मई की रात 11:30 बजे सक्ती शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी अमित गोस्वामी उम्र 17 वर्ष अपने एक दोस्त के साथ बाइक पर नए बस स्टैंड के पास जा रहा था। इसी दौरान जब दोनों बाराद्वार रोड स्थित बिहान हॉस्पिटल के सामने पहुंचे, तब सामने से आ रही हाइवा को देखकर बाइक अनियंत्रित हो गई। दोनों युवक गिर गए और अमित ट्रक के पहियों के नीचे आ गया। उसके दोस्त ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक अमित गंभीर रूप से घायल हो चुका था। घबराए हुए दोस्त ने अन्य साथियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। साथियों की मदद से अमित को अस्पताल पहुंचाया गया और परिवार को सूचित किया गया। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण उपरांत अमित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हादसा होते हुए दिख रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सक्ती एसडीओपी मनीष कुंवर ने बताया कि हादसे की जानकारी मिली है। युवक किसी काम से हरेठी की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर को देखकर बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक गिर गए। हादसे में अमित की मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।



मृत किशोर के शरीर पर चोट के निशान।

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा पर करें निराकरण: महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने राजस्व अधिकारियों की शुक्रवार 16 मई को समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए प्राथमिकता से निराकरण करें।

कलेक्टर ने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन, नक्शा बंटाकन, डायवर्सन, राजस्व वसूली सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा से बाहर के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने ई-डिसट्रिक्ट पोर्टल के तहत प्राप्त आवेदन की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत आय, जाति प्रमाण पत्र बनाने कहा। उन्होंने त्रुटि सुधार के प्रकरणों शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री के दैनिक प्रगति और अप्रूअल की स्थिति, डिजीटल क्रॉप सर्वे, स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुशासन तिहार एवं राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# तालाब में डस्ट डालने के मामले में सरपंच को नोटिस



तालाब में डाल रहे डस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ग्राम मुक्ता के ग्रामीणों द्वारा गांव के तालाब में डस्ट डाले जाने को लेकर शिकायत की गई थी। जिस पर एसडीएम ने सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

ज्ञात हो कि ग्राम मुक्ता के किशन, बंशी एवं अन्य ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय मालखरौदा में उपस्थित होकर शिकायत प्रस्तुत किया कि ग्राम मुक्ता बंधवा तालाब जिस पर ग्रामवासियों द्वारा निस्तारी किया जाता है। उक्त तालाब में पानी एकत्रित होने का स्त्रोत है उससे लगा पैटू तालाब है जिस पर होकर पानी तालाब में जाता है जिसे गहरीकरण किया जाकर फैक्ट्री से निकलने वाला डस्ट को डाला जा रहा है। जिससे जल बहाव होकर रखड़ बंधवा तालाब में जाएगा। जिससे पूरा पानी दूषित होने से आम निवासियों, जानवरों एवं पशु-पक्षीयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेंद्र पटेल मालखरौदा ने नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज अधिनियम 1993 के प्रतिकूल है। जिसके लिए छ.ग. पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा-40 के तहत कार्यवाही की जावे। इस मामले में एसडीएम ने मुक्ता सरपंच को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।




## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत भलपहरी एवं धनवारपारा में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी में सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी की पहल से भलपहरी व आश्रित ग्राम मुक्ता (धनवारपारा) में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबी की संयुक्त टीम डॉ श्रीमती संध्या सिदार ग्रामीण चिकित्सा सहायक, मनोज राठौर नेत्र सहायक अधिकारी, मनीषा श्याम, सरिता डहरिया सीएचओ, कन्हैया लाल पटेल लैब टेक्नीशियन, रामशरण राठौर एमटी के द्वारा स्वास्थ्य का जांच किया गया। जिसमें ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने हेतु हिदायत दी गई। विशेष ग्राम के वृद्धजनों का नेत्र जांच कर जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। इस शिविर में कुल 46 ग्रामीण लाभांवित हुए।

### सहकारी बैंक ने खाताधारक किसानों को वितरित किया केसीसी चेक



**कोरबा।** ग्राम पंचायत तुमान में गुरुवार को सुशान तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम तुमान क्लस्टर अंतर्गत आने वाले आसपास के गांव के लोगों द्वारा दिये गए आवेदनों का निराकरण करते हुए समाधान किया गया। जिसमें मुख्य रूप आवास को लेकर आवेदन आये थे जिसमें हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पंजीकृत किया गया और करतला ब्लॉक के बरपाली स्थित जिला सहकारी बैंक बरपाली द्वारा किसानो को छ.ग.शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत एटीएम कार्ड एवं केसीसी चेक वितरण किया गया। समाधान शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के वन विभाग की सभापति श्रीमती सावित्री अजय कंवर व करतला जनपद की जनपद अध्यक्ष श्रीमति अशोका बाई कंवर, जनपद सदस्य तुमान तथा सरपंच के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ, कोरबा एसडीएम, तहसीलदार, जिला सहकारी बैंक बरपाली के ब्रांच मैनेजर, कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गुलजार अली, सुरजार अली, जब्बार अली और नजीरून बी का पट्टा किया गया निरस्त

**कोरबा।** न्यायालय कलेक्टर द्वारा शासकीय पट्टा प्रदान करने के पश्चात पट्टे की शर्तों की कंडिका क्रमांक 13 के अनुसार पट्टे प्राप्ति वर्ष से 5 वर्ष की अवधि तक 75 प्रतिशत भूमि को काश्त नहीं होने से शासकीय पट्टा के नियम एवं उल्लंघन प्रमाणित होने पर पट्टा निरस्त कर छत्तीसगढ़ शासन की पक्ष में राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु तहसीलदार करतला को आदेशित किया गया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय कलेक्टर के आदेश तिथि 15.05.2025 को अनावेदकगण गुलजार अली पिता सुबराती अली, सुरजार अली पिता सुबराती अली, जब्बार अली पिता सुबराती अली तथा नजीरून बी पति जब्बार अली के नाम पर पृथक-पृथक शासकीय पट्टा प्राप्त हुआ था। न्यायालय कलेक्टर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पट्टे की शर्तों की कंडिका क्रमांक 13 के अनुसार पट्टे प्राप्ति वर्ष से 5 वर्ष की अवधि तक 75 प्रतिशत भूमि को काश्त नहीं होने से शासकीय पट्टा के नियम एवं उल्लंघन प्रमाणित होने पर ग्राम नोनदरहा तहसील करतला जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा नंबर 49/11 रकबा 2.023 हेक्टेयर, खसरा नंबर 49/17 रकबा 2.023 हेक्टेयर, खसरा नंबर 49/18 रकबा 2.023 हेक्टेयर, खसरा नंबर 49/39 रकबा 1.923 हेक्टेयर का पट्टा निरस्त कर छत्तीसगढ़ शासन के पक्ष में राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु तहसीलदार करतला को आदेशित किया गया है।

### करंट से व्यक्ति की मौत

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुद्वारा गली में किराए के मकान में रहने वाले एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक श्याम यादव उम्र लगभग 40 वर्ष जो कि बांकीमोंगरा के एक होटल में कार्य करता था। गुरुवार को उसका शव कुछ लोगों ने घर के अंदर कूलर के पास पड़े हुए देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सभी मरीजों को निकाला गया सुरक्षित, शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह

# सरकारी अस्पताल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब तीसरी मंजिल के स्टोर रूम में स्थित ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में आग लग गई। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। आग लगने के समय अस्पताल में 10 से 12 मरीज भर्ती थे। आग लगने के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। स्टाफ नर्स व अन्य कर्मियों ने सभी मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कोतवाली

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में गुरूवार की सुबह आग लगने की घटना से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट की वजह बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दरअसल सुबह लगभग 8 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानी धनराज कुंवर अस्पताल की ऊपरी मंजिल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज होने लगी। जिसे मौजूद कर्मचारियों ने देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी। इधर आग लगने की खबर जैसे ही अस्पताल के अंदर फैली और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आनन फानन में अस्पताल स्टॉफ ने मुस्तैदी दिखाते हुए अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और अग्निशमन यंत्रों और पानी से आग पर जल्द ही काबू पा लिया। आग लगने की इस घटना में अस्पताल के कुछ उपकरण और रिकॉर्ड जलकर खाक हो गए हैं। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। कोरबा बीएमओ डॉ.दीपक राज ने बताया कि सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दूसरी मंजिल से धुआं निकलता देखा गया। जिसके बाद अस्पताल के कर्मचारियों ने दमकल विभाग को सूचना दी और आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण दूसरी मंजिल के स्टोर रूम में रखे उपकरणों में आग लगी है। उन्होंने बताया कि आग में कुछ उपकरण और रिकॉर्ड जलकर खाक हो गए हैं। आग लगने का सही कारण और उससे होने वाले नुकसान के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है।



आगजनी के दौरान आग को करते दमकल कर्मी।

**की जा रही जांच**

घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते सभी मरीजों को बाहर निकाल लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। एक मरीज के परिजन सुनीता कंवर ने बताया कि उनकी बेटी का प्रसव हुआ था। अस्पताल से धुआं निकलता देख राहगीरों ने सूचना दी। इसके बाद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

-एसएन केसरी, सीएमएचओ, कोरबा

# अब हर सर्जरी और ऑपरेशन से पहले मरीज का हो रहा एचआईवी टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

स्वास्थ्यविभाग ने डॉक्टरों और मरीजों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। अब सरकारी अस्पताल में होने वाली सभी प्रकार की सर्जरी ऑपरेशन से पहले मरीज का एचआईवी टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है ताकि डॉक्टर मरीज एचआईवी से बचे रह सके। स्वास्थ्य विभाग ने यह फैसला एचआईवी पॉजिटिव की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी होने के कारण किया है।

नई गाइड लाइन के अनुसार, विशेषकर किसी भी प्रकार की सर्जरी वाले मरीजों का पहले एचआईवी टेस्ट कराना आवश्यक कर दिया गया है। वहीं अन्य बीमारियों के मरीजों का एचआईवी जांच कराने का मकसद एड्स बीमारी को रोकना है। इस सबन्ध में केंद्र सरकार ने गाइडलाइन जारी किया है। चूंकि, जिस तरह देश को पोलियो मुक्त किया गया, उसी प्रकार से अब देश को एड्स मुक्त भी बनाना है। इधर, जांच के लिए मरीजों को ओपीडी में जाने के बाद चिकित्सक उसे बीमारियों के इलाज के क्रम में ही एचआईवी टेस्ट कराने के लिए भी लिखेंगे। इसके बाद मरीज को बीडीएम अस्पताल में ही बने एड्स जांच केंद्र में भेजा जाएगा। जहां मरीज का सैंपल लेकर किट के माध्यम से जांच की जाएगी। दरअसल, केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों और मरीजों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। लिहाजा, अब अस्पताल में होने वाली सभी प्रकार की सर्जरी ऑपरेशन से पहले मरीज का एचआईवी टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। डॉक्टर-मरीज एचआईवी से बचे रह सके। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने डॉक्टरों को आंखों के ऑपरेशन समेत सभी प्रकार के ऑपरेशन सर्जरी से पहले मरीज का एचआईवी टेस्ट करना अनिवार्य कर दिया है। मरीजों का ऑपरेशन से एचआईवी टेस्ट किया जाता है, ताकि थियेटर सुरक्षित रहे और संक्रमण से बचा जा सके। हर मरीज के ऑपरेशन में अलग से औजारों का प्रयोग नहीं कर सकते। औजारों को संक्रमण से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# कभी हाथी की धमक तो कभी मौसम की मार कोरबा में 73, कटघोरा में 72 फ़ीसदी हो पाया तेंदूपत्ता का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

इस बार लगातार बदलते मौसम के मिजाज की वजह से वन विभाग परेशान है। कभी मौसम की मार झेलनी पड़ रही है तो कभी हाथी की धमक की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रभावित हो रहा है। लगातार इस तरह की परिस्थितियां निर्मित होने की वजह से इस बार कटघोरा वनमंडल में तेंदूपत्ता का संग्रहण लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन नजर आ रहा है। अब संग्रहण समाप्ति की ओर है लेकिन ऐसे में अब तक कोरबा वनमंडल में 73 फ़ीसदी और कटघोरा वनमंडल में 72 फ़ीसदी ही तेंदूपत्ता का संग्रहण पूरा हो पाया है। हालांकि अभी और भी शेष दिन बचे हुए हैं। संभावना जताई जा रही है कि दोनों ही वनमंडल में 90 फ़ीसदी तक संग्रहण लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि मई माह की शुरुआती दिनों में ही तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य शुरू हो जाता है। हर वर्ष दोनों ही वनमंडल में 1 या 2 मई को तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य तेजी से शुरू किया जाता है लेकिन इस बार लगातार बदलते मौसम की मिजाज व लगातार आंधी तूफान को बारिश की वजह से शुरुआत में ही तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया था और विलंब से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू कराया गया है तो वहीं दूसरी ओर जिले की कोरबा और कटघोरा वनमंडल में मौसम के बदलते तेवर और हाथियों की धमक से लोग भयभीत नजर आ रहे हैं। एक दिन पहले ही कोरबा वनमंडल में दंतैल हाथी ने आधा दर्जन लोगों को दौड़ाथा जिसमें भागने के दौरान एक महिला घायल हो गई थी जिसके चलते कई समितियों में संग्रहण को रोकने की नौबत आ गई थी। अब तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य अंतिम दौर पर है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक कोरबा वनमंडल में इस वर्ष 53800 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाना था जिसके एवज में अब तक 39493 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया है जो कुल संग्रहण का 73 फीसदी है। जबकि कटघोरा वनमंडल में इस साल 76300 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाना है जिसके एवज में 55398 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हो पाया है जो कुल संग्रहण का 72 फीसदी है। आने वाले शेष दिनों में विभाग के अधिकारियों का प्रयास होगा कि अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण लक्ष्य को पूरा किया जा सके लेकिन जिस तरह से मौसम के बार-बार तेवर बदल रहे हैं इससे संग्रहण लक्ष्य को इस बार हासिल कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है।



### महिला के ऊपर पेड़ की शाखा गिरने से मौत

तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला के ऊपर पेड़ की डंगाल गिरने से उसकी हालत गंभीर है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कपोट के आश्रित मोहल्ला सोटापारा निवासी महिला बूंद कुंवर पति कृपाल सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष 11 मई को लगभग 10 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई थी। वहीं तेंदू पेड़ के ऊपर सुनील मरकाम पिता गोपाल सिंह पेड़ की डंगाल काट रहा था जो कि महिला के ऊपर गिर गया जिससे उक्त महिला गंभीर हो गई जिसे उपचार के लिए पाली हॉस्पिटल ले गए। जहां पर इलाज के दौरान बूंद कुंवर की मौत हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को नही दी है और महिला के शव का कफन दफन कर दिया है।

# करोड़ों के ठेके के बाद भी प्रभावित ग्रामीणों को नहीं हो रही पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एसईसीएल द्वारा कोयला खदानों से प्रभावित ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए पानी उपलब्ध कराने करोड़ों रूपये का ठेका दिया गया है। बावजूद इसके प्रभावित ग्रामों में ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से पानी आपूर्ति की बजाए सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से पानी टैंकर की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिसकी वजह से प्रभावित गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए जूझना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गर्मी का तापमान का पारा सर चढ़कर बोल रहा है गर्मी से बचने के लिए लोगों को कैसे दिन काटने पड़ रहे हैं यह तो वही जानते हैं, लेकिन इस बीच गर्मी में एसईसीएल से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रभावित ग्रामों में पानी नहीं मिलना लोगों के लिए आफत बन गया है। प्रबंधन ने जिनको ठेका दिया है उन ठेकेदारों द्वारा क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों में नियमित पानी आपूर्ति के लिए सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। अपने ठेके का दिन काटने में लगा है और समय मियाद पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है। एसईसीएल द्वारा प्रतिवर्ष प्रभावित ग्रामों में हर पारा मोहल्ला गली में शुद्ध पेयजल व निस्तारी के लिए लगभग करोड़ों का टेंडर निकालकर ठेका दिया जाता है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा ना तो नियमित पानी आपूर्ति की जाती है और ना ही टैंकर से पानी सप्लाई नहीं किया जाता जिस तरह से मेगा प्रोजेक्ट में मिलियन टन का उत्पादन लक्ष्य को बढ़ाया गया है और लगातार प्रबंधन के द्वारा खदान विस्तार किया जा रहा है। खदान का विस्तार करने के वजह से खदान इतनी गहराई खुदाई किया जा रहा है जिसके कारण प्रभावित ग्रामों में हैंड पंप कुआं बोर जैसे इत्यादि सूख गया है।



पानी के लिए लाइन में लगे ग्रामीण।

# हमारी मौत के बाद भी दुनिया देखेंगी आंखें : सहारे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा का नाम भी अब उन शहरों में शुमार हो गया है जहां नेत्रदान और देहदान पर अमल करने की व्यवस्था है। कॉर्निया निकालने के कुछ घंटे के भीतर ही मृत व्यक्ति की आंखें किसी और को दृष्टि प्रदान कर इस जगत को देखने लगेंगी।

उक्त बातें मेडिकल कॉलेज कोरबा के डीन डॉ के के सहारे ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद के प्रयास से अब कोरबा में भी नेत्रदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। दानी की आंख से कॉर्निया निकालकर उसे जिस एमके मीडिया में रखकर सुरक्षित किया जाता है वह कोरबा को प्राप्त हो चुका है। कॉर्निया निकालने के पश्चात उसे तत्काल बिलासपुर स्थित सिम्स भेज कर वहां उसे किसी दृष्टिहीन को प्रत्यारोपित कर दिया जाएगा। डॉ सहारे ने बताया कि कोरबा में भी नेत्र दान और देहदान करने वालो के परिजन उन लोगों को देख पाएंगे जिनके शरीर में उनके ही परिवार के किसी व्यक्ति का अंग प्रत्यारोपित किया गया है। जिसके जरिए वे विधाता की इस खूबसूरत दुनिया का आनंद उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नेत्रदान और देहदान में परिजनों की स्वीकृति आवश्यक है।

### निर्माण अधूरा, बारिश में फिर होगी परेशानी

**हरदीबाजार।** क्षेत्र की एकमात्र जीवनदायिनी लीलागर नदी ठंडी व गर्मी में समान्य रहती है लेकिन बारिश के दिनों अधिक बारिश होने पर अपनी रौद्र रूप में रहती है जो हरदीबाजार-रेकी को जोड़ने वाली पुल दूसरा हरदीबाजार-नेवसा, उतरदा को जोड़ने वाली पुल की ऊंचाई कम होने के कारण पुल के ऊपर से 2-3 फ़ीट ऊपर ऊफान के साथ तेज रफ्तार से बहती है। हरदीबाजार से रेंकी मार्ग पर बना पुल व हरदीबाजार से नेवसा मार्ग पर बने दोनों पुल की बहुत ही कम होने से उनकी ऊंचाई बढ़ाने की मांग क्षेत्र के लोगों की रही लेकिन स्वीकृत केवल नेवसा मार्ग पुल की होने पर पीडब्ल्यूडी सेतू निर्माण विभाग ने 1 करोड़ 75 लाख की लागत से 60 मीटर लंबी पुल का निर्माण अप्रैल 2024 से ठेकेदार के माध्यम से कार्य करना शुरू किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़,**
**जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प.क्र./202504063100040/अ-6-अ/24-25 ग्राम लगरा प.ह.नं.-11
तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक ध्रुव कुमार पिता त्रियुगीनारायण शर्मा साकिन लगरा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा व्यवहार न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 17 अ/2009 में निर्णय दिनांक 14/10/2019 के पालन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उपरोक्त निर्णय में ग्राम लगरा स्थित भूमि खसरा नंबर 72/6 रकबा 5.13 एकड़, खसरा नंबर 77/3 रकबा 0.28 एकड़, खसरा नंबर 78 रकबा 1.90 एकड़, 129/1 रकबा 1.27 एकड़, खसरा नंबर 151/27 रकबा 1.60 एकड़, एवं खसरा नंबर 280/3 रकबा 0.92 एकड़ भूमि को आवेदकगण ध्रुव कुमार वगैरह के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 30/05/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार पामगढ़**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 131 /ब-121/2024-2025
ग्राम भैंसो तहसील पामगढ़
आवेदक श्री श्रवण कुमार साहू पिता ईतवारी साहू जाति तेली **एवं** आवेदिका श्रीमती अमरिका साहू पति श्री श्रवण कुमार साहू जाति सूर्यवंशी दोनो निवासी ग्राम भैंसो तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**बनाम**
छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम भैंसो तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्रवण कुमार साहू पिता ईतवारी साहू जाति तेली एवं आवेदिका श्रीमती अमरिका साहू पति श्री श्रवण कुमार साहू जाति सूर्यवंशी दोनो निवासी ग्राम भैंसो तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 05.10.2019 को स्थान कुथुर तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 18/05/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/05/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार/उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. .....अ-2/2024-25 ग्राम-कचंदा प.ह.नं. 04 तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम-कचंदा प.ह.नं. 04 तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री सत्यनारायण पिता मोहन वगै. जाति सतनामी निवासी ग्राम कचंदा तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 21/05/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**-खसरा नं. 57/1/ड रकबा 1.214 हेक्टेयर में से 0.060 हेक्टेयर भूमि लगान....... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07/05/2025 को जारी किया गया।
686
21/04/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

जाँजगीर मार्केट

COBB कंपनी के कपड़े पर — 66% छूट 2 पे 3 फ्री
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) — 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम — 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) — 33% छूट
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24/7 EMERGENCY SERVICES
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

# कान्स में चला टॉम क्रूज का जादू
## स्टैंडिंग ओवेशन मिला तो हुए भावुक
### 'मिशन इम्पॉसिबल 8' देख 5 मिनट बजती रहीं तालियां

*पेरिस। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 का दूसरा दिन हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग'के नाम रहा। दूसरे दिन जब टॉम क्रूज कान्स की रेड कार्पेट पर पहुंचे तो लोगों का शोर काफी बढ़ गया। इसके बाद 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग'का प्रीमियर हुआ। फिल्म को कान्समें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग'को स्टैंडिंग ओवेशन मिला और काफी देर तक लोग फिल्म की तारीफ में तालियां बजाते रहे। जिसे देखकर टॉम क्रूज भावुक हो गए।*



#### निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने की तारीफ

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग'के निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने इस दौरान कहा, 'यहां आने और हमारा समर्थन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं इस असाधारण और कमाल के कलाकार को धन्यवाद देना चाहता। जब मैं आपको बताता हूं कि वे कितने असाधारण हैं, तो यह सिर्फ हर दिन काम पर आने के लिए नहीं था। यह फिल्म एक महामारी और दो इंडस्ट्री के हड़तालों के दौरान बनाई गई थी। ये दोनों फिल्में सात साल के समय में बहुत ही मुश्किलों के बीच बनाई गई थीं। यह फिल्म यहां खड़े इन सभी लोगों की कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं होती। यह दुनिया की सबसे असाधारण कास्ट है।' फिल्म के प्रीमियर के दौरान फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई।

#### लोगों का जताया आभार

कान्स में 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग'को मिली प्रतिक्रिया से फिल्म की पूरी टीम काफी खुश और भावुक हो गई। मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी की आखिर कड़ी के साथ इस फ्रेंचाइजी को अलविदा कहते हुए टॉम क्रूज इमोशनल हो गए। दर्शकों के भारी समर्थन के लिए टॉम क्रूज ने उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हॉलीवुड स्टार ने कहा, 'यह प्रतिक्रिया ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। आप ही हैं जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। ये बड़े पर्दे का अनुभव ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं।'

#### भारत में 17 मई को होगी रिलीज

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' भारत में दुनियाभर में रिलीज होने से छह दिन पहले 17 मई को रिलीज हो रही है। इस फिल्म के लिए टॉम ने अपने स्टंट का लेवल और अपग्रेड कर दिया है। भारत में फिल्म को लेकर दर्शकों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया दा सकता है कि फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही महज 24 घंटों के अंदर 11,000 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। कुल मिलाकर अब तक फिल्म के 45 हजार टिकट बिक चुके हैं।

*78वां कान्स फिल्म महोत्सव 13 से शुरू हो चुका है और 24 मई तक चलेगा। हर साल कान्स में कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल होती हैं। देखिए कुछ भारतीय एक्ट्रेस के यादगार और स्टाइलिश लुक, जिन्होंने कान्स में बटोरी चर्चा। कान्सरेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार फैशन पल सिनेमा के साथ-साथ ग्लैमरस रेड कार्पेट लुक्स के लिए भी मशहूर है। भारतीय सितारों ने यहां अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचा है। आइए, बॉलीवुड के कुछ सबसे शानदार कान्स लुक्स पर एक नजर डालते हैं...*

# कान्स रेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार स्टाइल मोमेंट्स



**ऐश्वर्या राय बच्चन :** कई ब्रांड की ग्लोबल एंबेसडर ऐश्वर्या का 2017 का लुक सबसे खास था। उन्होंने माइकल सिन्को का फ्रॉस्टी ब्लू बॉल गाउन पहना, जो सिंड्रेला जैसा था। इसके ऊपर कढ़ाई, ट्यूल की परतें और प्लीट्स वाला यह गाउन वर्साय की पेंटिंग से प्रेरित था। यह परीकथाओं जैसा पल था। कान्स में ऐश्वर्या शामिल हो या ना हो, लेकिन उनकी चर्चा इस महोत्सव हो हो ही जाती है।




**दीपिका पादुकोण :** दीपिका ने 2022 में जुहैर मुराद का पारदर्शी आइवरी गाउन पहना था। फ्लोरल लेस, फिशटेल सिल्हूट और गहरी नेकलाइन वाला यह लुक बेहद शानदार था। लोरेन श्वाट्र्ज के हीरे के झुमके और निकोलस किर्कवुड हील्स ने इसे और खास बनाया। दीपिका का यह लुक आज भी चर्चा में है।


**सोनम कपूर :** सोनम ने अनामिका खन्ना की हल्की गुलाबी नेट साड़ी-ड्रेस में क्लासिक और ट्रेंडी लुक को पेश करती है। जिमी चू के जूते और फेरागामो क्लच के साथ उनका लुक हमेशा की तरह एक फैशनिस्टा लुक को दर्शाता है। सोनम का यह स्टाइल हर किसी को बेहद खूबसूरत लगा था।

**अदिति राव हैदरी :** अदिति ने गौरव गुप्ता के 2024 कलेक्शन से ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में रेड कार्पेट पर जादू बिखेरा था। उनका यह लुक बेहद यूनीक था। इस मखमली ड्रेप्स और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ उनका मिनिमल लुक ग्लैमर की शानदार पेशकश थी।

**अनुष्का शर्मा :** अनुष्का ने अपने डेब्यू में रिचर्ड क्विन की क्रीम रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस चुनी। साटन गाउन पर 3डी फ्लोरल डिजाइन और जालीदार काम ने इसे खास बनाया। चोपर्ड झुमके और साफ-सुथरी हेयरस्टाइल ने इस लुक को पूरा किया।



**प्रीति जिंटा :** प्रीति ने 2024 में विविएना लोरिकेट का "नायरा" गाउन पहना, जो मेट गाला में भी दिखा। सेक्विन, मोती और क्रिस्टल से सजा यह बैकलेस गाउन मरमेड स्टाइल गाउन बेहद ही खूबसूरत था, जिसे पहनने के बाद प्रीति की खूबसूरती ने चार चांद लगा दिए। फ्रिंज पर्ल ड्रॉप्स और सिल्क बो स्लीव्स ने इसे शानदार बनाया था।



## ट्रेलर देखर पापा खुशी से रो पड़े...

**मुंबई।** सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों की कहानी कहती फिल्म 'केसरी वीर'से आकांक्षा शर्मा बतौर लीड हीरोइन डेब्यू कर रही हैं। सुनील शेट्टी को अभिनय में अपना गुरु मान चुकी आकांक्षा शर्मा ने कहा कि मैं तो मानती हूं कि ये महादेव की ही कृपा रही होगी कि मुझे सोमनाथ मंदिर पर बनी फिल्म से बड़े परदे पर शुरुआत करने के लिए चुना गया। मेरी ये पहली फिल्म है और मुझे सबसे अच्छा तब लगा जब फिल्म के सारे कलाकारों ने पहले दिन से ही सेट पर मेरा खास ख्याल रखा। जिस दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, उस दिन मेरे पापा बहुत खुश थे। उनकी आंखों से खुशी के आंसू भी रह रहकर आ रहे थे लेकिन वह शायद किसी को ये दिखाना नहीं चाहते थे और किनारे जाकर अपनी आंखें पोछ रहे थे, तभी मेरे भाई ने चुपके से उनका ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।



## अभिनेता से कहीं बढ़कर थे ओमपुरी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी ने आघात, आक्रोश, मंडी, चाइना गेट, भूमिका, मकबूल, डर्टी पॉलिटिक्स और अर्द्ध सत्य जैसी कई फिल्मों में एक साथ शानदार काम किया है। दोनों को एक सफल जोड़ी के रूप में भी माना जाता है। नसीरुद्दीन शाह ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी और ओम पुरी की फिल्म 'अर्द्ध सत्य' को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। नसीरुद्दीन ने एक्टर ओम पुरी की एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'कल रात अर्द्ध सत्य को बड़े पर्दे पर बहुत दिनों बाद फिर से देखा गया। सदाशिव और ओम दोनों ही अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में हैं। निकोलस रे ने बोगार्ट के बारे में जो कुछ कहा था, वह ओम पर भी लागू होता है, 'उनका चेहरा एक जीवंत निंदा था। वह एक अभिनेता से कहीं बढ़कर थे।

## 'हम साथ-साथ हैं' से लेकर कई बॉलीवुड फिल्में बताती हैं परिवार की अहमियत



**नई दिल्ली।** परिवार का साथ हो तो इंसान मुश्किल वक्त को सहजता से पार कर जाता है, परिवार का प्यार पाकर जिंदगी खुशियों से भर जाती है। इन्हीं बातों को और परिवार की अहमियत को हमारी हिंदी फिल्मों ने भी बड़ी खूबसूरती से बड़े पर्दे पर उतारा है।

***हम साथ साथ हैं :*** साल 1999 में रिलीज हुई सूरज बड़जात्या निर्देशित फिल्म 'हम साथ साथ हैं'एक हिट फैमिली ड्रामा मूवी है। यह फिल्म परिवार के प्यार और साथ की अहमियत को समझाती है। इस फिल्म की कहानी तीन भाइयों के अटूट रिश्ते पर आधारित थी। फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में सलमान खान, मोहनीश बहल, सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, करिश्मा कपूर, तब्बू, आलोक नाथ, रीमा लागू, नीलम कोठारी जैसे मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया।

***खोसला का घोंसला :*** फिल्म 'खोसला का घोंसला(2006)' कॉमेडी फिल्म जरूर रही, लेकिन दिबाकर बनर्जी निर्देशित इस फिल्म में परिवार की जो बॉन्डिंग दिखाई गई वह कमाल की है। इस फिल्म की कहानी दिल्ली में रहने वाले एक मिडिल क्लास आदमी किशोर खोसला (अनुपम खेर) की है। अनुपम खेर का किरदार और उनका परिवार कैसे एक बिल्डर खुराना (बोमन ईरानी) से अपनी कब्जा की हुई जमीन छुड़वाता है, यही फिल्म की कहानी है। इस फिल्म में परवीन डबास, विनय पाठक, रणवीर शौरी और तारा शर्मा जैसे एक्टर्स भी नजर आए। आगे चलकर इस फिल्म को बाद में तमिल और कन्नड भाषा में भी रीमेक करके बनाया गया।

***कभी खुशी कभी गम :*** करण जौहर निर्देशित फिल्म 'कभी खुशी कभी गम(2001)' की कहानी भी यह बताती है कि परिवार के बीच चाहे दूरियां आ जाए, उनका आपसी प्यार कभी कम नहीं होता है। फिल्म की कहानी में बिजनेस मैन यशवर्धन रायचंद (अमिताभ बच्चन) अपने गोद लिए बेटे राहुल को खुद से इसलिए अलग कर लेते हैं, क्योंकि वह अपनी पसंद की शादी कर लेता है। कई सालों तक पिता-पुत्र एक दूसरे से दूर रहते हैं। आगे चलकर राहुल (शाहरुख) का भाई रोहन (ऋतिक रोशन) अपने परिवार को करीबी लाता है।

## दादा साहब फाल्के की बायोपिक करने जा रहे आमिर

*दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का पितामह कहा जाता है। उन्होंने ही भारतीय फिल्मों की नींव रखी। तभी उनके नाम पर सिनेमा का सबसे बड़ा पुरस्कार 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' रखा गया। दादा साहब के जीवन और फिल्मों को लेकर उनकी कहानी काफी रोचक है। अब ये कहानी बड़े पर्दे पर भी नजर आएगी। दादा साहब फाल्के के ऊपर फिल्म बनने जा रही है।*

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा और फिल्मों के जनक कहे जाने वाले दादा साहब फाल्के की कहानी अब हर किसी को पता चलेगी। क्योंकि, दादा साहब फाल्के के जीवन पर अब फिल्म बनाने की तैयारी है। जिन्होंने भारतीय फिल्मों को लाया, अब उन पर फिल्म लाने का काम करने जा रहे हैं बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान। श्री इडियट्स और पीके जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाली जोड़ी आमिर खान और राजकुमार हिरानी अब दादा साहब फाल्के के जीवन को पर्दे पर उतारने की तैयारी कर रहे हैं।



इस जोड़ी के इस फिल्म पर काम करने से लोगों को फिल्म से काफी उम्मीदें बंधने लगी हैं। दादा साहब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादा साहब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं साझा की हैं। आमिर खान और राजकुमार हिरानी के फिल्म के लिए फिर से साथ आने से इस फिल्म के बड़े स्तर पर बनने की उम्मीद है।

## टीवी मसाला



### अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में फिर की शानदार वापसी

**नई दिल्ली।** सीरियल 'अनुपमा' काफी समय से टीआरपी लिस्ट में पिछड़ रहा था, लेकिन इसने 18वां हफ्ते में वापसी की है और इस बार पहला स्थान हासिल किया है। सीरियल 'अनुपमा' में रुपाली गांगुली लीड रोल में नजर आती हैं। यह सीरियल महिला दर्शकों के बीच काफी मशहूर है। 18वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। इसने सीरियल 'उड़ने की आशा' को इस बार पछाड़ा है। सीरियल 'उड़ने की आशा' काफी समय से टॉप पर बना हुआ था। इस हफ्ते 'उड़ने की आशा' को 1.8 की टीआरपी मिली है लेकिन यह दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने जगह बनाई है, 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 1.6 की टीआरपी मिली है। वहीं चौथे स्थान पर 'जादू तेरी नजर' सीरियल है, इसको 1.5 की टीआरपी मिली है। पांचवें स्थान पर 'लक्ष्मी का सफर' सीरियल है, इसे 1.5 की टीआरपी इस बार मिली है। कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 1.4 की टीआरपी मिली है, यह सीरियल कई सालों से दर्शकों को हंसा रहा है। अब भी इसकी कॉमेडी दर्शकों को पसंद आती है। वहीं 'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' को 1.4 की टीआरपी इस हफ्ते मिली है। इसके अलावा 'मंगल लक्ष्मी' की टीआरपी 1.4 है। 'लाफ्टर शेफ 2' को 18वें हफ्ते में 1.3 की टीआरपी मिली है। यह सभी शो टॉप टेन शामिल हैं।

### सीआईडी के दया का हुआ भयानक एक्सीडेंट

**नई दिल्ली।** सीआईडी कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। शो का पहला सीजन कई सालों तक चला है और ये हर घर का हिस्सा बन गया था। दया, एसीपी प्रद्युमन या अभिजीत हो। हर किसी को लोगों ने भर-भरकर प्यार दिया है। ज्यादातर सेलेब्स को लोग उनके असली नाम नहीं, बल्कि शो के नेम से जानते हैं। दया, अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन लोगों के फेवरेट हैं। अब इस शो का दूसरा सीजन आया है और उसे भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इसी बीच दया का एक वीडियो वायरल हो रहा है जो एक्सीडेंट का सीन है और एसीपी प्रद्युमन का नाम लेकर रोता नजर आ रहा है। इस वीडियो को देखकर फैंस चौंक गए हैं। सीन नें दिखाया गया है कि दया का एक्सीडेंट हो गया है। उसे बहुत चोट आई है और वो हिल भी नहीं पा रहा है। उसके आस-पास आग भी है।



### 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों पर किया राज

# धार्मिक फिल्मों से अभिनेता महिपाल बने स्टार

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऐसे कई कलाकार हुए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में गहरा प्रभाव छोड़ा। इन्हीं एक्टर्स में महिपाल का नाम भी शामिल था, जिन्होंने स्टंट फिल्मों से लेकर भक्ति फिल्मों तक में शानदार काम किया। 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों में राज करने वाले महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद फिल्मी सफर साधारण स्टंट फिल्मों से शुरू होकर भक्ति और माइथोलॉजिकल फिल्मों में भगवान के किरदारों तक पहुंचा और महिपाल दर्शकों की नजर में एक स्टार बन गए। अभिनेता ने कई दिग्गज एक्ट्रेस के साथ भी काम किया था। 15 मई 2005 में महिपाल का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।*

#### सिनेमा कॅरियर की शुरुआत

महिपाल भंडारी का जन्म 24 नवंबर 1919 को जोधपुर में हुआ था। महिपाल को बचपन से ही कला में खास रुचि थी। उन्होंने कॉलेज के दिनों में थिएटर के जरिए लोगों को अपनी एक्टिंग का कायल बना लिया था। साल 1942 में महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म 'नजराना' से अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, इस फिल्म से उन्हें कुछ खास पहचान नहीं मिली।

#### स्टंट फिल्मों में भी किया काम

1950 के दशक की समाप्ति तक महिपाल की पहचान एक कुशल अभिनेता के रूप में हो चुकी थी। अभिनेता को बॉलीवुड में स्टंट फिल्मों के लिए भी जाना जाता था। उन्होंने पारसमणि, जबक, कोबरा गर्ल, जंतर मंतर जैसी स्टंट फिल्मों में काम किया। इसके अलावा महिपाल ने अरेबियन नाइट्स थीम वाली फिल्में भी कीं, जिसमें अलीबाबा और 40 चोर, अलादीन और जादुई चिराग जैसी फिल्में शामिल थीं।



#### चर्चित एक्ट्रेस के साथ किया काम

महिपाल का अभिनय करियर केवल धार्मिक फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपने समय में 130 से अधिक फिल्मों में काम किया था। इस दौरान उन्होंने कई चर्चित अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। अभिनेता एक्ट्रेस मीना कुमारी के साथ 'श्री गणेश महिमा' फिल्म में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने माला सिन्हा, निरुपा रॉय जैसी अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। उनके साथ काम करना अपने आप में एक उपलब्धि माना जाता था।

#### भगवान के रोल ने बदली किस्मत और मिली पहचान

महिपाल ने कई अहम रोल किए, लेकिन उन्हें असली प्रसिद्धि तब मिली, जब उन्होंने पौराणिक (माइथोलॉजिकल) फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया। एक दिन फिल्ममेकर होमी वाडिया के असिस्टेंट का कॉल आया, जिसने अभिनेता की जिंदगी बदल दी। श्री गणेश महिमा' फिल्म में महिपाल ने पहली बार गणेश भगवान का किरदार निभाया, जो हिट हुई और इसके बाद अभिनेता का कॅरियर चमक उठा। इस फिल्म के बाद महिपाल ने संपूर्ण रामायण , वीर भीमसेन, वीर हनुमान, हनुमान पाताल विजय , जय संतोषी मां जैसी धार्मिक फिल्मों में नजर आए, जो हिट साबित हुई। इन फिल्मों के बाद दर्शक अभिनेता को भगवान मानने लगे थे।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर का हो रहा आयोजन

**मालखरौदा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा के सभी सेक्टरों में 14 मई से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ है। इसमें छूटे हुए हितग्राही शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस संबंध में बीएमओ मृत्युंजय राठौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलों में निवासरत जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है या छूट गया है। ऐसे हितग्राहियों के लिए संबंधित सेक्टर में समस्त सीएचओ और आरएचओ महिला पुरुष, सेक्टर पर्यवेक्षक सेक्टर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व गांव के समस्त मितानिनों को इस कार्य की सफलताके लिए ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही शिविर स्थल के आसपास गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी भी किया जा रहा है ताकि सभी छूटे हुए हितग्राहियों को इसका लाभ दिया जा सके। शिविर का शुरुआत 14 मई को मालखरौदा, कुरदा, फगुरम से शुरूआत किया जा चुका है, वहीं 15 मई को बड़े सीपत, नावापारा, सारसकेला व सुलौनी में शिविर लगाया गया। इसी कड़ी में 17 मई को ग्राम पोता, छपोरा, सपिया, सकर्रा में होगा 19 मई को सिंघरा, मुड़पार, किरारी, बुंदेली, 21 मई को पिहरीद, पिरदा, अड़भार आड़िल, 22 मई को भठोरा, मरघट्टी, चरौदा सुलौनी में शिविर का आयोजन किया जाएगा । 26 मई को बड़ेसीपत, नवापारा, सारसकेला, सकर्रा, 28 मई को पोता छपोरा व बुंदेली में आयोजित होगा। शिविर का लाभ उठाने ग्रामीणों से अपील की गई है।

### डीपीएस की प्राचार्य सीबीएसई सिटी कॉर्डिनेटर नियुक्त

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड



भुवनेश्वर रीजनल ऑफिस के द्वारा जिला जांजगीर - चांपा का सिटी कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। श्रीमती सिंह की नियुक्ति 15 मई से अगले तीन वर्षो के लिए की गई है। सिटी कोर्डिनेटर के रूप में उनकी जिम्मेदारी जिले के सभी सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के समस्त सीबीएसई से जुडे कार्यो के लिए उचित मार्गदर्शन देना तथा विद्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालय के बीच समन्वयक तथा संयोजक की भूमिका निभाना रहेगा। श्रीमती सिंह की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। विद्यालय परिवार के समस्त स्टॉफ एवं शिक्षकों, अभिभावको तथा छात्रों ने श्रीमती सिंह के इस उपलब्धि को गौरवशाली बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है ।

### सीबीएसई कामर्स संकाय में निष्ठा ने प्राप्त किया 90 प्रतिशत अंक

**जांजगीर-चाम्पा।** सीबीएसई 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा निष्ठा सिंह ने कामर्स संकाय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले



का मान बढ़ाया है। निष्ठा सिंह भूपेंद्र सिंह गहलोत की पुत्री है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जांजगीर की छात्रा निष्ठा शुरू से मेघावी छात्रा रही है। निष्ठा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। निष्ठा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर परिजन सहित नगरवासियों में प्रसन्नता जाहिर करते उज्वल भविष्य की कामना की है।

### शहीद आरक्षक महेत्तरलाल खूंटे को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

**मालखरौदा।** शहीद आरक्षक महेत्तरलाल खूंटे की पुण्य तिथि के अवसर पर मालखरौदा के ग्राम



पंचायत भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस दौरान उपस्थित लोगों को द्वारा श्रद्धांजलि दी जाएगी। राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शहीद आरक्षक महेत्तरलाल खूंटे को शनिवार 17 मई को शाम 4 बजे से 6 बजे तक ग्राम पंचायत भवन मालखरौदा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस दौरान उन्हें भावभिनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। बता दे 17 मई वर्ष 1996 को वे शहीद हो गए थे।

## निधन

### माधुरी देवी सिसोदिया

**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. डॉ बसंत कुमार सिंह की धर्मपत्नी एवं भारतीय वायु



सेवा के पूर्व विंग कमांडर स्व. राजीव सिंह सिसोदिया की माता श्रीमती माधुरी देवी सिसोदिया का निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार गोपिया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ के पूर्व विभागाध्यक्ष राहुल सिंह की बड़ी मां, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह की चाची एवं विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह की दादी थीं।

### महेतरीन बाई साहू

**गोधना।** आदर्श ग्राम पंचायत गोधना गणेश मोहल्ला के प्रतिष्ठित नागरिक सुकलाल साहू की धर्मपत्नी



महेतरीन बाई साहू का 62 वर्ष की आयु में 12 मई को निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन बेटे और दो बेटियां छोड़ गईं हैं। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम नैया भाठा में किया गया, जहां बड़े बेटे भरत साहू ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर कार्यशाला

# अब रजिस्ट्री के बाद होगा स्वतः नामांतरण अलग से नहीं करनी होगी कोई प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला सक्ती के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार 16 मई को किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, अधिवक्तागण, मीडिया प्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

इस अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि रजिस्ट्री की 10 क्रातियों से सम्पूर्ण प्रक्रिया में सरल व सुगमता आयेगी। रजिस्ट्री प्रक्रिया को पेपरलेस एवं कैशलेस बनाते हुए 10 नवाचारों को लागू किया गया है, जिससे आमजन को समय की बचत होगी। आपसी समन्वय के साथ इन नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू करें, ताकि इनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। ये नई डिजिटल और सरल प्रक्रियाएं नागरिकों को अधिक सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा प्रदान करेंगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि इन तकनीकी उपायों से फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी रोक लग जिससे पारदर्शी ढंग से रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होगा। जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि रजिस्ट्री में की गई 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। यह एक अच्छा कदम है इसे जिला प्रशासन अच्छे से क्रियान्वयन भी करेगा और आम नागरिकों के साथ जागरूकता के माध्यम से साझा भी किया जाएगा सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। उन्होंने इस नई क्रांति के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष डभरा श्रीमति अरुणा महेन्द्र सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे, अपर कलेक्टर विरेंद लकड़ा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित अधिकारी-कर्मचारी व मीडिया प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**मास्टर ट्रेनर्स ने वर्कशॉप में विस्तार से दी जानकारी**-पंजीयन विभाग द्वारा किए गए 10 नए सुधारों को लेकर के मास्टर ट्रेनर सत्य प्रकाश गौरहा एवं पवन मरावी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों को प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी तथा उनके शंकाओं का समाधान भी किया।



कार्यशाला में जानकारी देते कलेक्टर एवं अन्य अतिथि।

### ये है रजिस्ट्री की 10 क्रांतिकारी पहल

- फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन
- रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड की सुविधा
- ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा
- स्टांप एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान
- व्हाट्सएप सर्विसेज के तहत क्रेता-विक्रेता को अपाईन्टमेंट, पंजीयन होने तक सभी प्रकार के अपडेट एवं एलर्ट व्हाट्सएप में ही प्राप्त होंगे
- डिजीलॉकर की सुविधा
- रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण
- घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण
- दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होने से घर बैठे रजिस्ट्री
- रजिस्ट्री के साथ होगा स्वतः नामांतरण




## कुकदा में पटवारी नहीं होने से कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

ग्राम पंचायत कुकदा में पटवारी नहीं होने से ग्रामीणों के कई महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे हैं, जिससे उनमें भारी नाराजगी देखी जा रही है। किसान इन दिनों केसीसी और भूमि संबंधी कार्य के लिए भटक रहे हैं।

ग्राम पंचायत कुकदा में पटवारी की नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाम जुड़वाने, राशन वितरण और जमीन संबंधी रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य अटके पड़े हैं। आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर न होने के कारण ग्रामीणों को बी-1 जैसे जरूरी कागजात भी नहीं मिल पा रहे हैं। ग्राम कुकदा निवासी महेश कश्यप ने बताया कि पटवारी के नहीं होने से उनके किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का फॉर्म और भूमि से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण काम रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी तरह ही गांव के दर्जन भर से अधिक किसान इसी समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन इस पर अभी तक किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है। इसके साथ ही, जाति प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक शासकीय कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है, क्योंकि पटवारी क्षेत्र में उपलब्ध नहीं हैं। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत कुक्डा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। ग्राम पंचायत कुकदा के सरपंच ने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर पटवारी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि ग्रामीणों को हो रही असुविधा दूर हो सके। पंचायत ने कहा है कि पटवारी के न रहने से ग्रामीणों के कई महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे हैं, जिससे उनमें भारी नाराजगी है।

**खास बात**
- केसीसी और भूमि संबंधी कार्यों के लिए भटक रहे किसान

## शिव के पूजन से लोक एवं परलोक दोनों ही सुधरता है : पं. तिवारी

**अकलतरा।** नगर के भगत सिंह पब्लिक स्कूल में स्व. शिखा सिंह बैस की स्मृति में शिव महापुराण का कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ से पंडित बुद्धेश्वर प्रसाद तिवारी ने श्रद्धालुओं को शिव महापुराण की व्याख्या करते हुए कहा कि महादेव हर जीव के जीवन में अनुग्रह करने वाले देव हैं। शिव पूजन से लोक एवं परलोक दोनों सुधरता है। इस जगत में हर मनुष्य को सदैव मर्यादा का पालन करना चाहिए। मर्यादा



रहित जीवन, जीवन को धिक्कार है। परमात्मा के साथ वात्सल्य रूप से तारतम्य स्थापित करने से जीवन सुखमय एवं मंगलमय हो जाता है। सदाशिव कृपा सिंधु हैं,दीनबंधु हैं और दया के अथाह सागर हैं। उन्होंने बताया कि उन्नीसवें कल्प में सत्योजात शिव का अवतार हुआ। नामदेव शिव, महाबाहु स्वरूप शिव, अघोर रूप में महादेव आदि अनेक रूपों में शिव ने अवतार लिया. आकाश, पृथ्वी, जल, वायु एवं अग्नि सभी में शिव का वास है। नरसिंह अवतार का सुंदर वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि काल भैरव शिव के ही अवतार हैं, जो काशी में कोतवाल के रूप में विराजमान हैं। इसके साथ ही कहा कि राम भक्त हनुमान शिव के ही अंशावतार हैं। द्वादश शिवलिंगों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। शिव महापुराण कथा का श्रवण यजमान जयपाल सिंह बैस, विजयलक्ष्मी सिंह, संजीव सिंह चंदेल ,श्रुति सिंह ,युवराज सिंह श्रीपाल सिंह बैंस, रुद्रांश ,रीना सिंह बैस, लव सिंह चंदेल श्रीमती गोमती सिंह चंदेल ईश्वर सिंह बैस सहित बड़ी संख्या में नगर वासियों के द्वारा किया जा रहा है।

## संगीत सीखने का उद्देश्य कला साधक होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला के समापन समारोह 14 मई को शाम 4 बजे देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में संपन्न हुआ।

- संस्कार भारती द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

मुख्य अतिथि के रूप में हेमन्त माहुलिकर प्रांतीय महामंत्री छ. ग.प्रान्त, अध्यक्षता जागेश्वर मानसर प्रांतीय कोषाध्यक्ष, पं.योगेश शर्मा विभाग प्रमुख सामाजिक सद्भाव, राहुल थवाईत अध्यक्ष, नगर पंचायत शिवरीनारायण, राजेश अग्रवाल,पवन सुल्तानिया, देव प्रसाद तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष किसान संघ, यशवंत गोस्वामी जिला संयोजक कोरबा, गणेश बरेठ कार्यकारिणी सदस्य,गान्धर्व मण्डल मुम्बई, धनेश मिश्रा संचालक वन्दे मातरम स्कूल जिलाध्यक्ष ब्राह्मण समाज, शिवकुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य रहे। अतिथि उद्बोधन में श्री महुलिकर ने कहा हमारा संगीत सीखने का उद्देश्य कलाकार बनना नहीं अपितु कला साधक बनना होना चाहिए। योगेश शर्मा ने कहा संगीत भगवान शंकर का डमरू निनाद है, मां भगवती की वीणा झंकार है। राहुल थवाईत ने कहा संस्कार भारती कला साहित्य की अखिल भारतीय संस्था हो,जो कला उत्थान हेतू प्रयास रत है। कार्यक्रम को सुल्तानिया, शिवकुमारी साहू, धनेश मिश्रा, देव प्रसाद तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा राग केदार, राग भूपाली छोटा ख्याल, सोलो वादन, राग मिश्र पहाड़ी ठुमरी व भजन राग भीमपलासी प्रस्तुत किया गया। आभार प्रदर्शन के आर कश्यप द्वारा किया गया। वेदोक्त साम गायन मंत्रोच्चार प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। संस्कार भारती के ध्येय गीत सांध्यति संस्कार भारती का गायन के आर कश्यप द्वारा किया गया। सभी अतिथियों व प्रशिक्षक का सम्मान तिलक व अंगवस्त्र से किया गया। इस अवसर पर आर.के सोनवानी कार्यकारी अध्यक्ष, चंदन लाल कश्यप जिला मंत्री, जयंत कश्यप, टीजराम कश्यप, कृष्णोलाल साहू, संतोष देवांगन, मनोज कश्यप व अन्य लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

## अग्रसेन गौशाला को प्रदान किया गिर गाय एवं 51 बोरी पशु आहार

**अकलतरा।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित पंडित शिवाधीन दुबे परिवार के सदस्य अनिल दुबे के द्वारा नगर के बलौदा रोड में श्री अग्रवाल सेवा समिति के द्वारा संचालित श्री अग्रसेन गौशाला को एक नग गिर गाय एवं 51 बोरी पशु आहार प्रदान कर गौ सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। श्री अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया ने बताया कि नगर के नामचीन तथा पुरातन वैभव एवं ओजज से ओतप्रोत शिवाधीन दुबे परिवार ने मानवता एवं गौसेवा के लिए प्रेरित करते हुए अग्रसेन गौशाला अकलतरा को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इससे गौवंश की देखभाल एवं सेवा और अधिक व्यवस्थित ढंग से की जा सकेगी। गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी कमानिया ने कहा कि ऐसे कार्य समाज को नई दिशा देते हैं। गौशाला प्रबंधन समिति एवं स्थानीय नागरिकों ने दुबे परिवार का हृदय से अभिनंदन करते हुए उनके इस सेवाभावी कार्य की सराहना की। इस अवसर पर अनिल दुबे, श्री अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया, गौशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गिरधारी कमानिया ,मनोज अग्रवाल, गोपेश तुलस्यान ,विकास केडिया एवं गौशाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।



## पेंशनर्स महासंघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 मई को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं सचिव छत्तीसगढ़ शासन को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार के नेतृत्व में सौंपा गया।

सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को विलोपित करने हेतु विधान सभा में शासकीय संकल्प पारित करने, केन्द्र सरकार के देय तिथि और दर पर पेंशनरों ,परिवार पेंशनरों को महंगाई राहत देने, संभागीय मुख्यालयों में संयुक्त संचालक पेंशन,समस्त जिलों में जिला पेंशन कार्यालय खोलने, सरकारी कर्मचारियों की भांति पेंशनरों को भी सरकारी तथा निजी अस्पतालों में कैशलैश चिकित्सा सुविधा प्रदान करने,सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन अवधि के लिए गणना करने और उन्हें अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भांति सभी आर्थिक लाभ देने की मांग रखी है। पेंशनर हितैषी 05 सूत्रीय मांग को सौंपने हेतु भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार के अतिरिक्त पेंशनर साथी मनहरण सिंह राजपूत,अवध राम घृतलाहरे,हेमंत सोनी ,राम सेवक सोनी , डी डी गढ़े, नैन सिंह क्षत्री,शांति लाल सोनी,शत्रुहन श्रीवास, राजकुमार दास,तेज बहादुर सिंह,केजू राम कश्यप ,अशोक सिंह कमल ,छोटे लाल देवांगन, बच्चा राम राठौर,मूलचंद देवांगन,प्रभाकर देवांगन, उपेन्द्र धर दीवान, एस सी शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारी।

## बोर्ड परीक्षा में ज्ञान मंदिर विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

दामिनी देवी शिक्षण समिति नवागढ़ द्वारा संचालित ज्ञान मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ के छात्रों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई तथा हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है।

इस वर्ष की हाई स्कूल परीक्षा में कांची देवांगन 93.5%, प्रकाश धीवर 91%, मुस्कान साहू 90.16%, काजल साहू 89.6%, कुसुम सूर्यवंशी 87.5%,गौरव कश्यप 86.33%, प्रियांशु साहू 85.5%, गीतेश कश्यप 85.33%, दिव्या कोसले 85.33%, तुमेश कुमार 84.5%, चंद्रभान श्रीवास 84%, साक्षी टंडन 83%, रोशन कुमार 82.66%, तथा 30 बच्चों ने 70 से ऊपर का प्रतिशत प्राप्त करते हुए 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी पर परीक्षा उत्तीर्ण किये। साथ ही हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा मे तानी रायसगर 87.4%, रवीना टंडन 85.4%, साधना 85%, दिव्या श्रीवास 84.4% , प्रिया साहू 81.6%, चंचल साहू 76.2%, अनुसुइया सोनवानी 74.8%, जतिन कुमार 74.4%, भामिनी 70.8% तथा 26 बच्चों ने पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय ही नही अपितु अपने पालकों का और नगर तथा जिले का नाम रोशन किया है । विद्यालय संचालक घनश्याम जलतारे, प्रिंसिपल श्रीमती मीना धीवर, वॉइस प्रिंसिपल रामकृपाल आदित्य तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। स्कूल स्टाफ ने इन बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु मिठाई खिलाकर शुभ आशीष प्रदान कर इनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



## मोर छइयां भुइयां-3 फिर फहराएगी कामयाबी का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के इतिहास में शुक्रवार 16 मई से एक नया अध्याय जुडने जा रहा है। क्लॉक बस्टर फिल्म मोर छइयां भुइयां की तीसरी कड़ी ने इस दिन सिनेमा घरों में दस्तक दे दिया है। फिल्म के प्रमोशन के लिए प्रदेश में जोरदार तैयारियां है और फिल्म के प्रति दर्शकों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों तथा सामाजिक संदेशों का शानदार मिश्रण है जो दर्शकों को एक बार पुनः सिनेमा घर की ओर रूख कराने में कामयाब होगा।

- फिल्म के निर्देशक व कलाकारों की पत्रकारों से चर्चा

उक्त बातें फिल्म के निर्देशक सतीश जैन सहित अन्य प्रमुख कलाकारों ने स्थानीय मुकुंद मल्टीप्लेक्स में पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए कही। शुक्रवार 16 मई से नगर सहित प्रदेश के सिनेमा घरों में प्रदर्शित हो रही यह फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा और एक्शन से भरपूर है जो छत्तीसगढ़ी परिवेश को जीवंत करती है। फिल्म के गाने लोगों द्वारा खूब पसंद किये जा रहे है और फिल्म का ट्रेलर भी धूम मचा रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म के मुख्य नायकों की भूमिका में मन कुरैशी, दीपक साहू और लक्षित झांजी नजर आयेंगे जबकि नायिकाओं के रूप में ऐल्सा घोष, ऋचा दीक्षित, दीक्षा जायसवाल तथा इशिका यादव दर्शकों का दिल जीतने को तैयार है। खलनायकों की भूमिका में नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित और धर्मेन्द्र चैबे दमदार अभियन के साथ कहानी में रोमांच जोडेंगे। फिल्म के अन्य कलाकारों में प्रकाश अवस्थी, सुरेश गोडाले, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहू, संजय महानंद, पूरन किरी, उपासना वैष्णव, अनुराधा दुबे, विवेक चंद्रा, शीतल शर्मा व छोटे लाल साहू सहित कई प्रतिभाशाली चेहरे शामिल है। कुल 40 से अधिक कलाकारों की मौजूदगी इस फिल्म को एक भव्य प्रस्तुति बनाती है। जैन ने बताया कि मोर छइयां भुइयां (2000) और मोर छइयां भुइयां-2 (2024) के बाद छत्तीसगढ़ी सिनेमा एक नई ऊंचाई पर पहुंया है जिसके बाद मोर छइयां भुइयां-3 के साथ वे अपनी टीम सहित रचनात्मकता का जादू बिखेरने को पुनः तैयार है। सह-निर्माता ललित सिन्हा और कार्यकारी निर्माता आलेख चौधरी ने प्रोडक्शन को भव्यता प्रदान की है। फिल्म का छायांकन सिद्वार्थ सिंह ने खूबसूरत लोकेशन्स पर किया गया है। संगीत सुनील सोनी तथा गीतकार लक्ष्मण मस्तूरिया, सतीश जैन एवं गिरवर दास मानिकपुरी है। गायकों में सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, मनोज वर्मा, गोरेलाल बर्मन, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, चंपा निषाद और मोनिका सोनी शामिल है।



पत्रकारों से चर्चा करते फिल्म के निर्देशक व कलाकार

